# प्रथम आवधिक परीक्षा [अप्रैल ,2023]

## विषय-हिंदी

## कक्षा-दसवीं

**समय 90 मिनट** **पूर्णांक 40**

### भाग- क [अपठित बोध] [5]

**प्रश्न-1]** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए **[1x5=5]**

विज्ञान प्रकृति को जानने का महत्वपूर्ण साधन है। आज भौतिकता आधुनिक, वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति का स्तर निर्धारित करती है। विज्ञान केवल सत्य ,अर्थ और प्रकृति के बारे में उपयोगी ही नहीं बल्कि प्रकृति की खोज का एक क्रम है। यह प्रकृति को जानने के विषय में हमें महत्वपूर्ण और विश्वसनीय ज्ञान देता है। व्यक्ति जिस बात पर विश्वास करता है। वही उसका ज्ञान बन जाता है। कुछ लोगों के पास अनुचित ज्ञान होता है और उसी ज्ञान को सत्य मानकर वे उसके अनुसार काम करते हैं। वैज्ञानिकता और आलोचनात्मक विचार उस समय जरूरी होते हैं जब वह अविश्वसनीय ज्ञान पर आधारित हो। वैज्ञानिक और आलोचक अक्सर तर्कसंगत विचारों का प्रयोग करते हैं। तर्क हमें उचित सोचने पर प्रेरित करते हैं। कुछ लोग तर्कसंगत विचारधारा नहीं रखते क्योंकि उन्होंने कभी तर्क करना जीवन में सीखा ही नहीं होता।प्रकृति वैज्ञानिक और कवि दोनों की उपास्या है, दोनों ही उस से निकटतम संबंध स्थापित करने की चेष्टा करते हैं किंतु दोनों के दृष्टिकोण में अंतर है। वैज्ञानिक प्रकृति के बाह्य रूप का अवलोकन करता है और सत्य की खोज करता है परंतु कवि बाह्य रूप पर मुग्ध होकर उसके भावों से तादात्म्य स्थापित करता है। वैज्ञानिक प्रकृति की जिस वस्तु का

GISSS PT1 2023

अवलोकन करता है उसका सूक्ष्म निरीक्षण भी करता है। चंद्र को देख कर उसके मस्तिष्क में अनेक विचार उठते हैं ,उसका तापक्रम क्या है ,कितने वर्षों में वह शीतल हो जाएगा, ज्वार- भाटे पर उसका क्या प्रभाव होता है ,किस प्रकार किस गति से वह सौरमंडल में परिक्रमा करता है और किन तत्वों से उसका निर्माण हुआ है ?अपने सूक्ष्म निरीक्षण  और चिंतन से उसको एक लोक ठहरता है और उस लोक में स्थित ज्वालामुखी पर्वतों तथा जीव धारियों की खोज करता है। इसी प्रकार वह एक प्रफु[1]ल्लित पुष्प को देखकर उसके प्रत्येक अंग का विश्लेषण करने को तैयार हो जाता है। उसका प्रकृति- विषयक अध्ययन वस्तुगत होता है। उसकी दृष्टि में विश्लेषण और वर्ग- विभाजन की प्रधानता रहती है। वह सत्य और वास्तविकता का पुजारी होता है। कवि की कविता भी प्रत्यक्ष अवलोकन से प्रस्फुटित होती है, वह उसमें मानव चेतना का अनुभव कर के उसके साथ अपनी आंतरिक भावना का समन्वय करता है। वह तथ्य और भावना के संबंध पर बल देता है। उसका वस्तु वर्णन हृदय की प्रेरणा का परिणाम होता है। वैज्ञानिक की भांति मस्तिष्क की यांत्रिक प्रक्रिया नहीं। कवियों द्वारा प्रकृति चित्रण का एक प्रकार ऐसा भी है जिसमें प्रकृति का मानवीकरण कर लिया जाता है ,अर्थात प्रकृति के तत्वों को मानव ही मान लिया जाता है। प्रकृति में मानवीय क्रियाओं का आरोपण किया जाता है। हिंदी में इस प्रकार का प्रकृति- चित्रण छायावादी कवियों में पाया जाता है। इस प्रकार के चित्रण में प्रकृति सर्वथा गौण हो जाती है। इसमें प्राकृतिक वस्तुओं के नाम तो रहते हैं परंतु चित्रण मानवीय भावनाओं का ही होता है।  कवि लहराते पौधों का चित्रण न करके खुशी से झूमते हुए बच्चे का चित्रण करने लगता है।

GISSS PT1 2023

**क]** विज्ञान प्रकृति को जानने का एक महत्वपूर्ण साधन है , क्यों ?

**ख]** वैज्ञानिक प्रकृति के बाह्य रूप का अवलोकन क्यों करते हैं ?

**ग]** सूक्ष्म निरीक्षण और अनवरत चिंतन से क्या तात्पर्य है?

**घ]** प्रकृति का मानवीकरण किसे कहते हैं?

---

1

ड.] कवि की कविता भी प्रत्यक्ष अवलोकन से प्रस्फुटित होती है ,कैसे ?

## भाग- ख[ व्यावहारिक व्याकरण [8अंक]

**प्रश्न- 2]** निम्न समस्त पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखें। [1x3=3]

कलाप्रवीण, दशानन , तिरंगा, महाजन, प्रत्यक्ष

**प्रश्न- 3]** निर्देशानुसार वाक्य बदलिए। [1x3=3]

**क]** वह लड़का गाँव जाकर बीमार हो गया।[ मिश्रित वाक्य]

**ख]** जैसे ही वह स्टेशन पहुँचा, वैसे ही गाड़ी चल दी।[सरल वाक्य]

**ग]** उसे जिन पुस्तकों की जरूरत थी,वह खरीद लाया। वाक्य भेद बताएँ ।

**घ]** तीन दिनों से घनघोर वर्षा होने के कारण सड़कों पर पानी भरा है। [वाक्य भेद बताएँ ]

**प्रश्न-4]** निम्न अर्थों के लिए उचित मुहावरे लिखें। [.5x4=2]

अपना मतलब निकालना, मेहनत से की गई कमाई, बुरा लगना, डाँट -डपट सहना, अत्यधिक क्रोध में आना

## भाग- ग [पाठ्य पुस्तक] [12]

**प्रश्न-5]** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दें। [3x2=6]

**क]** 'बड़े भाई साहब' पाठ में लेखक ने समूची शिक्षा के किन तौर-तरीकों पर व्यंग्य किया है ?क्या आप उनके विचारों से सहमत हैं?

**ख]** बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताएँ बताइए।

**ग]** जुलूस के लाल बाजार आने पर लोगों की क्या दशा हुई ?'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर बताइए।

GISSS PT1 2023

**प्रश्न- 6]** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दें।

**(पद्य -खंड)[2x3=6]**

**क]** कबीर ने सच्चा भक्त किसे कहा है?

**ख]**अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय सुझाया है?

**ग]** मीरा ने कृष्ण से स्वयं के दुख हरने का आग्रह क्यों किया है?

**घ]** मीरा श्री कृष्ण को पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तैयार हैं?

**भाग- घ [लेखन]** **[15]**

**प्रश्न- 7]** किसी एक विषय पर 100 से 120 शब्दों मे सारगर्भित अनुच्छेद लिखें-

**क]** प्रकृति की रक्षा -मानव की सुरक्षा [5]

**ख]** विद्यार्थी और फैशन

**ग]** नैतिक शिक्षा की आवश्यकता

**प्रश्न-8]** अपने क्षेत्र में एक नया डाकघर स्थापित करने की माँग करते हुए मुख्य डाक -अधिकारी को एक पत्र लिखिए। [5]

अथवा

अपने क्षेत्र में पेड़- पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए ज़िला अधिकारी को एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न-9]** निम्नलिखित विषयों से संबंधित विज्ञापन लेखन कीजिए।(2.5x2=5अंक)

**क)** दिल्ली पुस्तक मेले में भाग ले रहे 'क -ख -ग प्रकाशन' की ओर से एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए।

**ख)** अपने विद्यालय की संस्था 'पहरेदार' की ओर से जल का दुरुपयोग रोकने का आग्रह करते हुए एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए।

GISSS PT1 2023